Uturn Time 24 Jan 2026_Layout 2 23-01-2026 11:01 Page 1

RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

4th Year Anniversary

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

## गुस्ताखी माफ

दोनों केसों से हुए, बरी केजरीवाल।
न्यायालय से ना रहा, कोई अभी मलाल।
कोई अभी मलाल, समय मुश्किल से बीता।
ईडी झूठी बड़ी, सत्य है फिर से जीता।
कह साहिल कविराय, जेल में यूं ही डाला।
नहीं हुआ था कहीं, कभी मदिरा घोटाला।



– डॉ. राजेन्द्र साहिल

VOL: 11 | ISSUE 13 | SATURDAY 24-01-2026 | RS-03 | PAGE-8 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# सुबह लगा नोटिस 2 घंटे बाद दिया गया फाड़, नगर परिषद की सांख दांव पर

जीरकपुर, यूटर्न, 23 जनवरी। अंबाला एक्सप्रेसवे पर स्थित माया गार्डन मैग्नीशिया एक बार फिर विवादों में घिर गया है। नगर परिषद की ओर से आज बड़ी कार्रवाई करते हुए माया गार्डन मैग्नीशिया के बेसमेंट को सील कर दिया गया। बेसमेंट के बाहर नगर परिषद द्वारा नोटिस चिपकाया गया है, जिसमें साफ शब्दों में लिखा है कि यह एरिया सील किया जा चुका है और यदि कोई भी व्यक्ति सील तोड़ने की कोशिश करता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

इसी क्रम में माया गार्डन मैग्नीशिया परिसर में संचालित रोमियो लेन रेस्टोरेंट की लिफ्ट को भी नगर परिषद द्वारा सील कर दिया गया है। नगर परिषद का कहना है कि यह लिफ्ट अवैध निर्माण के अंतर्गत आती है और बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन करती है। लिफ्ट पर भी नोटिस चिपकाया गया है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि सील से छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## अधिकारियों का रट्टा-रटाया बयान– हम करेंगे कानूनी कार्रवाई







" नोटिस के ऊपर साफ तौर पर लिखा है कि यदि नियमों का उल्लंघन हुआ तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अगर इसके बावजूद वहां लिफ्ट अभी भी चलाई जा रही है, तो हम निश्चित रूप से कानूनी कार्रवाई करेंगे। मुझे तो अभी आपसे ही जानकारी मिली है कि वहां लिफ्ट चल रही है।

**परविंदर सिंह भट्टी, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद जीरकपुर**

**नगर परिषद का नोटिस सिर्फ एक कागज?...**हैरानी की बात यह है कि नगर परिषद की सख्त चेतावनी के बावजूद नोटिस की खुलेआम अवहेलना की जा रही है। सुबह जिस लिफ्ट पर नगर परिषद द्वारा सीलिंग का नोटिस चिपकाया जाता है, वह नोटिस दिनदहाड़े फाड़कर हटा दिया जाता है और शाम होते–होते वही सील की गई लिफ्ट दोबारा चालू कर दी जाती है। यह सवाल खड़े करता है कि क्या नगर परिषद द्वारा लगाए गए नोटिस की कोई कानूनी मूल्य नहीं है, या फिर नियमों का उल्लंघन करने वालों के सामने नगर परिषद की कार्रवाई सिर्फ एक कागजी औपचारिकता बनकर रह गई है। जिस नोटिस में साफ–साफ लिखा होता है कि सील से छेड़छाड़ करने पर सख्त कानूनी कार्रवाई होगी, उसी नोटिस को मामूली कागज समझकर फाड़ दिया जाना प्रशासनिक सख्ती पर गंभीर सवाल खड़े करता है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि नोटिस हटाने और सील तोड़ने की इस कार्रवाई के बावजूद न तो मौके पर कोई त्वरित कार्रवाई दिखाई देती है और न ही दोबारा लिफ्ट चालू होने पर कोई रोक लगाई जाती है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि आखिर नगर परिषद की यह किस तरह की कार्रवाई है, जहां कानून तोड़ने वालों को खुली छूट मिलती नजर आ रही है। अब यह देखना अहम होगा कि नगर परिषद इस खुले उल्लंघन पर क्या ठोस कदम उठाती है या फिर नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के हौसले इसी तरह बुलंद बने रहेंगे।



Celebrate your Birthday or Anniversary with UTURN TIME in association with
Hot Breads
0161-4603333, 5012222

2 LUCKY WINNERS WILL GET CAKE WORTH OF ₹1200 EACH
*WINNERS WILL BE DECIDED THROUGH LUCKY DRAW *T&C
FOR MORE DETAILS, CALL: 99882-20063, 98142-95372
janhetaishi@gmail.com, hetaishinews@gmail.com
All rights about Distribution & Offer will be reserved by U-TURN TIME MANAGEMENT Only.

# सेंसेक्स 769.67 अंक गिरकर 81,537.70 पर बंद हुआ, निफ्टी 50 में 241.25 रुपये की गिरावट आई, रुपया निचले स्तर पर रिकॉर्ड

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जनवरी। भारतीय इक्विटी बाजार शुक्रवार को भारी बिकवाली के दबाव, कमजोर वैश्विक संकेतों और रुपये में रिकॉर्ड गिरावट के कारण तेजी से नीचे बंद हुए, जिससे निवेशकों की भावनाएँ हिल गई। बेंचमार्क सेंसेक्स लगभग 770 अंक गिरकर 81,500 के करीब बंद हुआ, जबकि निफ्टी50 240 से ज्यादा अंक फिसलकर 25,100 के निशान से नीचे बंद हुआ। बड़े पैमाने पर बिकवाली से निवेशकों की काफी संपत्ति खत्म हो गई, जिसमें बैंकिंग, मेटल, कैपिटल गुड्स और चुनिंदा कंजम्पशन स्टॉक में सबसे ज्यादा गिरावट आई।




## भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर मुकाबले सबसे नीचे

दबाव को और बढ़ाने वाला था भारतीय रुपये में तेज गिरावट, जो अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुँच गया, इंट्राडे ट्रेड के दौरान 92 प्रति डॉलर के निशान को पार कर गया, हालांकि बंद होने से पहले इसमें थोड़ी रिकवरी हुई। मुद्रा की कमजोरी लगातार पूंजी के बाहर जाने, आयातकों से डॉलर की मजबूत मांग और विश्व स्तर पर मजबूत अमेरिकी डॉलर के कारण थी।

## विदेशी संस्थागत निवेशक इक्विटी बेचते रहे

बाजार सावधानी के साथ खुले और पूरे सेशन में लगातार गिरते रहे क्योंकि विदेशी संस्थागत निवेशक इक्विटी बेचते रहे, जो वैश्विक अनिश्चितता और कॉर्पोरेट कमाई को लेकर चिंताओं के बीच जोखिम से बचने को दशार्ता है। ट्रेडिंग दिन के दूसरे हिस्से में अस्थिरता बढ़ गई, जिससे इंडेक्स अपने इंट्राडे निचले स्तर पर पहुँच गए।

## आयातित महंगाई को लेकर चिंता बढ़ी

बाजार के जानकारों ने कहा कि रुपये की गिरावट ने आयातित महंगाई को लेकर चिंताओं को बढ़ा दिया है और यह उन सेक्टरों को प्रभावित कर सकता है जो विदेशी कच्चे माल पर निर्भर हैं। हालांकि, निर्यात-उन्मुख शेयरों ने मुद्रा के मूल्यह्रास के बीच सापेक्ष लचीलापन दिखाया।

## बाजार निकट भविष्य में अस्थिर रहने की आशंका

वित्तीय स्थितियों को स्थिर करने के लिए केंद्रीय बैंक द्वारा घोषित लिक्विडिटी समर्थन उपायों के बावजूद, भावनाएँ नाजुक बनी रहीं। विश्लेषकों ने चेतावनी दी कि वैश्विक घटनाक्रमों, मुद्रा की चाल और आने वाली कमाई की घोषणाओं के कारण बाजार निकट भविष्य में अस्थिर रह सकते हैं। निफ्टी के प्रमुख मनोवैज्ञानिक स्तरों के पास रहने और रुपये पर दबाव के साथ, निवेशकों से सतर्क रहने, स्टॉक-विशिष्ट अवसरों और रक्षात्मक स्थिति पर ध्यान केंद्रित करने की उम्मीद है।

# जीरकपुर में कंपनी वाहन से 37 एक्साइड बैटरियां चोरी, केस दर्ज





जीरकपुर, यूटर्न, 23 जनवरी। पुलिस थाना जीरकपुर क्षेत्र के गुरदेव नगर, पभात में कंपनी के वाहन से बैटरियों की चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पवन निवासी गुरदेव नगर, पभात ने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायतकर्ता पवन ने पुलिस को बताया कि वह अत्तार लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड में चालक के रूप में कार्यरत है। कंपनी के महिंद्रा पिकअप वाहन (मॉडल 2018) से 18 और 19 जनवरी की दरम्यानी रात अज्ञात व्यक्ति या व्यक्तियों ने करीब 37 एक्साइड बैटरियां चोरी कर लीं। पवन के अनुसार चोरी किया गया सामान कंपनी का है, जिसके बिल और इनवॉइस उपलब्ध हैं। घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज भी सामने आई है, जिसमें दो अज्ञात व्यक्ति और एक ऑटो चालक बैटरियां निकालकर ले जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। मामले की जांच के बाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है और मामले की जांच जारी है।

# लुधियाना आईटीआई बना उद्योगों की पहली पसंद

## हीरो साइकिल्स के सीईओ आदित्य मुंजाल का दौरा, 40 वेल्डरों की तुरंत भर्ती का ऐलान

लुधियाना, यूटर्न, 23 जनवरी। सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), गिल रोड लुधियाना में उद्योग-शिक्षा साझेदारी को बड़ी मजबूती मिली जब देश की अग्रणी साइकिल निमार्ता कंपनी हीरो साइकिल्स लिमिटेड के सीईओ श्री आदित्य मुंजाल ने संस्थान का दौरा किया।

आईएमसी आईटीआई लुधियाना के चेयरमैन श्री चरणजीत सिंह विश्वकर्मा, डिप्टी डायरेक्टर श्री बलजिंदर सिंह, प्रिंसिपल एवं स्टाफ ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर संस्थान में संचालित आधुनिक ट्रेडों और अत्याधुनिक मशीनरी की जानकारी दी गई। डिप्टी डायरेक्टर श्री बलजिंदर सिंह ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री पंजाब श्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री श्री हरजोत सिंह बैंस के नेतृत्व में आईटीआई लुधियाना को उद्योग की जरूरतों के अनुसार अपग्रेड किया गया है, जिसका उद्घाटन 3 अप्रैल 2025 को मुख्यमंत्री



द्वारा किया गया था।

दौरे के दौरान श्री मुंजाल ने सीएनसी मशीनिंग, रोबोटिक वेल्डिंग, टूल एंड डाई, इलेक्ट्रिशियन, रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशनिंग सहित विभिन्न वर्कशॉप्स और सीएसआर के तहत विकसित अत्याधुनिक लैब्स का निरीक्षण किया।

**40 कुशल वेल्डरों की तत्काल जरूरत**

श्री आदित्य मुंजाल ने स्पष्ट किया कि हीरो साइकिल्स लिमिटेड को तुरंत 40 कुशल वेल्डरों की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी घोषणा की कि साइकिल उद्योग की मांग को देखते हुए आईटीआई लुधियाना में वेल्डिंग एवं रोबोटिक वेल्डिंग ट्रेड को सीएसआर के तहत जल्द ही अत्याधुनिक मशीनरी से अपग्रेड किया जाएगा।

यह दौरा न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खोलेगा, बल्कि पंजाब को स्किल हब बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

# डेरा बस्सी में बिजली संकट जारी, कॉलेज कॉलोनी व लालडू इलाके में बिजली-पानी-इंटरनेट ठप, जनता में भारी असुविधा

डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। डेरा बस्सी के कई इलाकों में पिछले 20 से 22 घंटे से बिजली सप्लाई बंद है। खासतौर पर कॉलेज कॉलोनी और लालडू इलाके के लोगों का जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो चुका है। बिजली न होने की वजह से न केवल अंधेरा छाया हुआ है, बल्कि पानी और इंटरनेट की सप्लाई भी ठप हो चुकी है, जिससे





स्थानीय लोग भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। स्थानीय निवासी जसविंदर सिंह ने बताया, ₹पिछले 22 घंटे से बिजली बंद है। पूरे इलाके में अंधेरा पसरा हुआ है। बिजली के बिना पानी की सप्लाई भी बंद हो गई है। बुजुर्ग, बच्चे और मरीज सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। प्रशासन के अधिकारी फोन तक नहीं उठा रहे।₹ बिजली न होने की वजह से इंटरनेट सेवाएं भी बाधित हैं, जिससे बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। पानी की सप्लाई बंद होने से घरों में पानी की भारी कमी हो गई है, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। लालडू इलाके की एक स्थानीय महिला रामजीत कौर ने कहा, ₹बिजली नहीं होने से हमारा पूरा दिन अस्त-व्यस्त हो गया है। बच्चों की पढ़ाई, घर का काम सब प्रभावित हो रहा है। बुजुर्ग और बीमार लोगों की हालत खराब है। प्रशासन से मांग है कि समस्या का तत्काल समाधान करें।

लुधियाना यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
03 शनिवार, 24 जनवरी 2026


पेज 06 आपसी भाईचारे व सेवा का संगम है मां बगलामुखी...

बारिश ने खोलकर रख थी कारपोरेशन ऑफिसरों-ठेकेदारों की पोल

# संजीव अरोड़ा के लोकल बॉडी मंत्री बनते ही विभागीय भ्रष्ट अफसरों की साढ़ेसाती शुरू, मंत्री के रिहायश आगे ही धंसी सड़क, शहर हुआ पानी-पानी

लुधियाना/यूटर्न/23 जनवरी। लुधियाना में वीरवार रात से शुरू शहर में जमकर बारिश हो रही है। शुक्रवार को पूरा शहर पानी पानी हो गया। इलाके, चौक व सड़कों पर पानी भरने के कारण लोगों को बेहद परेशानी झेलनी पड़ी। बेशक लुधियाना की मेयर व अफसरों द्वारा शहर का ड्रेनेज सिस्टम दरुस्त करने के दावे किए जाते हैं। लेकिन एक बारिश ने ही उक्त दावों की हकीकत निकालकर सामने रख दी। इस बारिश ने लुधियाना कारपोरेशन की पोल तो तब खोली जब लोकल बॉडी विभाग के मंत्री संजीव अरोड़ा की गुरदेव नगर स्थित रिहायश के बाहर सड़क धंस गई। इस घटना ने भ्रष्ट अफसरों और ठेकेदारों का सच सामने लाकर रख दिया। वहीं एक तरफ कुछ दिन पहले कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा को लोकल बॉडी विभाग मिला है। जबकि उन्हें चार्ज मिलते ही कहीं न कहीं कारपोरेशन के भ्रष्ट अफसरों की साढ़ेसाती शुरू हो गई है। जहां लीडर भ्रष्टाचार रोकने के लिए अफसरों की गलतियां ढूंढते हैं। वहीं इस मामले में अफसरों-ठेकेदारों की गलती खुद ब खुद चलकर सामने आ गई। जिसे देख लगता है कि कहीं न कहीं अब गलत कार्य करने वाले अफसरों का बुरा समय शुरू हो गया है। अब देखना होगा कि मंत्री अरोड़ा द्वारा इस मामले में क्या एक्शन लिया जाता है।


ढोलेवाल पानी में खराब हुई एम्बुलेंस से मरीज को दूसरी एम्बुलेंस में शिफ्ट करते मुलाजिम


मंत्री संजीव अरोड़ा की रिहायश पास धसी सड़क


शहर की सड़क पर भरा पानी


मंत्री संजीव अरोड़ा



## लोगों के आरोप, सच साबित हो रहें

आए दिन लोगों द्वारा सड़कें बनाने में घोटाले के आरोप लगाए जाते हैं। लेकिन अब पॉश इलाकों की सड़कों के ऐसे हालात देखकर लोगों के आरोप सच होते नजर आ रहे हैं। गुरदेव नगर एक पॉश एरिया है। अगर वहां पर ऐसे भ्रष्टाचार हो रहा है, तो बाकी इलाकों का क्या हाल होता होगा।

## एमटीपी पर भी हो चुका एक्शन

वहीं कुछ दिन पहले जब मंत्री संजीव अरोड़ा द्वारा लोकल बॉडी विभाग का चार्ज लिया, तो उन्होंने रविवार के दिन लुधियाना कारपोरेशन के अफसरों संग मीटिंग की। उनकी मीटिंग के बाद एसई रणजीत सिंह से एमटीपी का चार्ज वापिस ले लिया गया। उन पर भ्रष्टाचार व ठगी के आरोप थे।

**क्या जोन-सी के अफसरों पर भी होगा एक्शन...**वहीं निगम जोन-सी के अफसरों पर भी कई प्रमुख मामलों की फाइलें साथ लेकर घुमने के आरोप हैं। चर्चा है कि जोन की जिस बिल्डिंगों का निर्माण अवैध तरीके से किया गया है, अफसर या तो उनकी फाइलें अपने साथ लेकर घूमते हैं या उच्च अफसरों को दे देने की बात कहकर टालते हैं। जबकि उच्च अधिकारी फाइल उनके पास न होने का कहकर टाल मटोल करते हैं। जिसके चलते मंत्री संजीव अरोड़ा को इन अफसरों पर भी एक्शन लेने की जरुरत है, ताकि जनता द्वारा दिए टैक्स से सैलरियां लेने वाले अधिकारी अपनी जिम्मेदारी सही से निभा सके। चर्चा है कि इसमें कई अधिकारी तो राजनेताओं के ऑफिसों में हाजरी तक लगाने पहुंचते हैं।

**शहरों की सड़कों पर भरा पानी...**शुक्रवार को शहर की ज्यादातर सड़कों पर पानी भर गया। जिस कारण ढोलेवाल चौक, गिल रोड, फिरोजपुर रोड, घंटा घर, हंबड़ा रोड, फिरोजगांधी मार्केट, पक्खोवाल रोड पर पानी भरने से राहगीर परेशान होते रहे। हालांकि पहले निगम अफसरों और लीडरों द्वारा लाखों रुपए ड्रेनेज सिस्टम की सफाई में खर्च किया गया था। जिसके बावजूद शहर के यह हालात देखने को मिले।


# युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं राजेश जैन बॉबी - विनोद जैन




लुधियाना/यूटर्न/23 जनवरी। महानगर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं पंजाब अल्पसंख्यक आयोग के मेंबर युवारत्न राजेश जैन बॉबी आज युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत बनते जा रहे हैं। नि:स्वार्थ सेवा, मानव कल्याण और जीव-दया के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की हर ओर सराहना हो रही है। रेडहिल ग्रुप के चेयरमैन एवं उद्योगपति विनोद जैन सी.एच.ई. ने बहादुर के रोड स्थित फैक्ट्री परिसर में कहा कि राजेश जैन बॉबी ने भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याणक (महावीर जयंती) पर विशाल रक्तदान शिविर आयोजित कर अब तक करीब 18 हजार यूनिट रक्त एकत्र किया है, जो थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों और जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी साबित हो रहा है इसके अलावा नि:शुल्क मेडिकल, हार्ट व आई चेकअप कैंपों के माध्यम से भी वे समाजसेवा में निरंतर सक्रिय हैं। इस अवसर पर उद्योगपति विपुल जैन, गगन जैन सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# लुधियाना के औद्योगिक इलाकों की सुरक्षा पर फिको प्रतिनिधिमंडल की एसीपी रूपिंदर सिंह से मुलाकात

लुधियाना, यूटर्न, 23 जनवरी। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाईजेशंस (FICO) के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने शहर के औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में बिगड़ती कानून-व्यवस्था और सुरक्षा हालात को लेकर एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस श्री रूपिंदर सिंह, आईपीएस से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चेयरमैन श्री के.के. सेठ ने किया। उनके साथ यूसीपीएमए के चेयरमैन श्री जतिंदर मित्तल, फिको अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह कुलार, यूसीपीएमए अध्यक्ष श्री हरसिमरजीत सिंह 'लकी', श्री अवतार सिंह भोगल, श्री रघुबीर सिंह सोहल, श्री गुरविंदर सिंह सचदेवा और श्री राजिंदर नारंग मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने औद्योगिक क्षेत्रों ए, बी, सी एरिया और फोकल पॉइंट फेज-कसे VIII तक बढ़ रही लूट, छीना-झपटी और चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई। खासतौर पर प्रवासी मजदूरों को निशाना बनाए जाने से उद्योगों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। फिको ने ग्यासपुरा, ढंडारी और शेरपुर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, वेतन वितरण के दिनों में पीसीआर बढ़ाने, नियमित रात्री गश्त और हर फेज में पुलिस हॉल्ट पॉइंट्स बनाने की मांग की। एसीपी रूपिंदर सिंह ने प्रतिनिधिमंडल को भरोसा दिलाया कि औद्योगिक सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी। फिको ने भी पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।



ॐ
In Loving Memory



Sh. R.D Joshi (Rama Roo Ji)
September 11, 1938 - January 14, 2026

Rasam Pagri & Bhog Prayer Meet will be held
on Saturday 24th January, From 2 p.m. to 3 p.m.
at Jain Sthanak, Cemetery Road, Civil Lines, Ludhiana.

In Grief
Umang & Subhi Joshi (Son & Daughter in law)
Shweta & Varun Mehta (Daughter & Son in law)
Ishita & Narinder Bhardwaj (Daughter & Son in law)
Dr.Gaurika, Deepesh, Vedant, Jiveshna, Rohit & Arjun (Grand Children)

Wealth Realtors | Jai Ganesh Enterprises

Uturn Time 24 Jan 2026_Layout 2 23-01-2026 11:01 Page 4



# 50 तक गिनती न लिख पाने पर फरीदाबाद में पिता ने चार साल की बच्ची को पीट-पीटकर मार डाला

फरीदाबाद/यूटर्न/23 जनवरी। एक चौंकाने वाली घटना में, फरीदाबाद के झारसेन्टली गांव में एक साढ़े चार साल की बच्ची को उसके पिता ने इसलिए पीट-पीटकर मार डाला क्योंकि वह 50 तक गिनती नहीं लिख पाई थी। आरोपी की पहचान कृष्णा जायसवाल 31 वर्षीय के रूप में हुई है, को गिरफ्तार कर शुक्रवार को शहर की एक अदालत में पेश किया गया। उसे एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपी, जो उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के खेरतिया गांव का रहने वाला है, झारसेन्टली में अपने परिवार के साथ किराए पर रहता था। जांच के दौरान, पुलिस को पता चला



कि कृष्णा और उसकी पत्नी फरीदाबाद की एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। जबकि उसकी पत्नी दिन में काम करती थी, कृष्णा नाइट शिफ्ट में काम करता था। वह दिन में बच्चों की देखभाल करने और अपनी बेटी को घर पर पढ़ाने के लिए घर पर रहता था।

**21 जनवरी की है घटना...**पुलिस ने बताया कि यह घटना 21 जनवरी को हुई, जब आरोपी ने अपनी बेटी से 50 तक गिनती लिखने को कहा। जब वह ऐसा नहीं कर पाई, तो उसे गुस्सा आया और उसने अपनी बेटी को पीट-पीटकर मार डाला।

बाद में शाम को, जब उसकी पत्नी घर पहुंची, तो उसने अपनी बेटी को मृत पाया और पुलिस को सूचना दी।

## आरोपी को किया गिरफ्तार

*पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और बच्ची के शव को कब्जे में ले लिया। शिकायत के बाद, सेक्टर-58 पुलिस स्टेशन में FIR दर्ज की गई। फरीदाबाद पुलिस के प्रवक्ता यशपाल ने कहा, हमने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने अपनी बेटी की हत्या की बात कबूल कर ली है। हमने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है और आरोपी को पुलिस रिमांड पर लेकर उससे पूछताछ कर रहे हैं।*

# स्वतंत्रता सेनानी परिवार देश की अमूल्य धरोहर - डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन



लुधियाना, यूटर्न, 23 जनवरी। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को देश की अमूल्य धरोहर बताते हुए अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सरकारी दफ्तरों और कार्यक्रमों में उनका मान-सम्मान हर हाल में बनाए रखा जाए।

डिप्टी कमिश्नर ने 'स्वतंत्रता सेनानी आश्रित संगठन' के प्रतिनिधियों के साथ अपने कार्यालय में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने हमें आजाद हवा में सांस लेने का अधिकार दिलाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। अब हमारा कर्तव्य है कि उनके पीछे रह गए परिवारों की गरिमा और सम्मान के साथ देखभाल की जाए। डिप्टी कमिश्नर ने स्वतंत्रता सेनानी परिवारों की समस्याएं ध्यानपूर्वक सुनीं और कई मामलों का मौके पर ही निपटारा किया। उन्होंने लंबित मुद्दों की जानकारी लेते हुए बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारकर स्वतंत्रता सेनानी परिवारों को वास्तविक लाभ पहुंचाना है। बैठक में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर अमरजीत बैंस, जीवनदीप सिंह पीसीएस (एलाइड), ह्यस्वतंत्रता सेनानी आश्रित संगठनह्न के संरक्षक मास्टर गुरमीत सिंह, प्रधान चेतनदीप सिंह बवेजा, उप प्रधान सुरजीत सिंह, वरिष्ठ उप प्रधान सुरिंदर पाल सिंह, महासचिव नरेंद्र सिंह बिल्ला, गुरबख्शीश सिंह सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# सतगुरु राम सिंह जी के विचार राष्ट्र निर्माण की शक्ति - मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

भैणी साहिब/चंडीगढ़, 23 जनवरी। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने महान संत और समाज सुधारक सतगुरु राम सिंह जी महाराज की जयंती पर पंजाब के श्री भैणी साहिब, समराला में आयोजित भव्य समारोह में शिरकत कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा राम सिंह जी के विचार आज भी सामाजिक, नैतिक और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण की दिशा दिखाते हैं।

मुख्यमंत्री ने आयोजक समिति की मांग पर घोषणा की कि हरियाणा सरकार सतगुरु राम सिंह जी महाराज के नाम पर चेयर स्थापित करेगी, ताकि उनके सिद्धांत शिक्षा, शोध और नीति निर्माण से जुड़े रहें। उन्होंने कूका आंदोलन के शहीद नामधारी सिखों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि सतगुरु राम सिंह जी ने धर्म को कर्म से और अध्यात्म को राष्ट्र सेवा से जोड़ा। गुलामी के दौर में उन्होंने



नामधारी आंदोलन के माध्यम से आत्मसम्मान, अनुशासन और स्वदेशी का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कूका आंदोलन स्वतंत्रता संग्राम की मजबूत नींव बना। अंग्रेजों के दमन के बावजूद नामधारी सिखों के विचार दब नहीं सके। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आधुनिकता के साथ संस्कार भी जरूरी हैं। समारोह के बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि संत परंपरा, सामाजिक समरसता और नशामुक्त समाज हरियाणा सरकार की नीति का आधार हैं। इस अवसर पर उन्होंने सतगुरु उदय सिंह से आशीर्वाद लिया।

# बारिश बनी आफत: मनीमाजरा में कच्चे मकान की छत ढही, मलबे में दबे तीन बच्चे

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 जनवरी। लगातार हो रही तेज बारिश ने चंडीगढ़ में एक बड़ा हादसा होते-होते टाल दिया। मनीमाजरा के गोविंदपुर इलाके में शुक्रवार सुबह एक पुराने कच्चे मकान की छत अचानक ढह गई, जिससे अंदर मौजूद तीन बच्चे मलबे में दबकर घायल हो गए। पड़ोसियों की त्वरित मदद से बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे उनकी जान बच सकी।

हादसे के समय मकान के भीतर 12 वर्षीय सनी, 14 वर्षीय गौरव और उसका भाई राहुल मौजूद थे। तीनों बच्चे घर के अंदर खेल रहे थे, तभी अचानक मिट्टी की बनी छत भरभराकर गिर पड़ी। मलबे की चपेट में आने से गौरव के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि सनी और राहुल को भी शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटें लगी हैं।







## पुराना और कच्चा मकान बना हादसे की वजह

स्थानीय निवासी विकास ने बताया कि जिस मकान की छत गिरी, वह काफी पुराना और कच्चा था। छत मिट्टी की बनी हुई थी, जो लगातार बारिश और तेज हवाओं के कारण कमजोर हो गई थी। सुबह पास के मकान की दीवार का हिस्सा छत पर गिरा, जिससे पूरा ढांचा ढह गया।

*प्रशासन हरकत में, जांच के आदेश...घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी संजीव कोहली मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि हादसे के कारणों की जांच कराई जा रही है। साथ ही इलाके में मौजूद अन्य कच्चे मकानों की स्थिति की भी समीक्षा की जाएगी, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। इस हादसे ने एक बार फिर बारिश के मौसम में कच्चे और जर्जर मकानों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर*

## पड़ोसियों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

छत गिरने की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और बिना किसी देरी के मलबा हटाकर बच्चों को बाहर निकाला। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर कुछ मिनट की भी देरी होती, तो हालात और गंभीर हो सकते थे।

## अस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर

घायल बच्चों को पहले मनीमाजरा सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने तीनों को सेक्टर-32 स्थित सरकारी अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के मुताबिक तीनों बच्चों की हालत फिलहाल स्थिर है और उन्हें निगरानी में रखा गया है।

चंडीगढ़

यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

05 शनिवार, 24 जनवरी 2026



पेज 08 अवैध हथियार व कारतूस सहित दो युवक गिरफ्तार...

# दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह को बाधित करने की धमकी, गुरपतवंत पन्नू के खिलाफ FIR

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जनवरी। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के खिलाफ 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान शांति भंग करने की धमकी देने के आरोप में ऋक्षफ्रदर्ज की है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे एक कथित दो मिनट के वीडियो में, पन्नू ने यह भी दावा किया कि रोहिणी और डाबरी जैसे इलाकों में स्लीपर सेल द्वारा लगाए गए खालिस्तान समर्थक पोस्टर दिखाई दिए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि स्पेशल सेल ने इठर की धारा 196 (धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा आदि के आधार पर अलग-अलग समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना और सद्भाव बनाए रखने के लिए हानिकारक काम करना), 197 (राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक आरोप और दावे), 152 (भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरे में डालने वाले कार्य) और 61 (आपराधिक साजिश) के तहत मामला दर्ज किया है।



## कई जगह पुलिस की रेड

अधिकारी ने बताया कि टीमों ने रोहिणी और डाबरी में उन जगहों का पता लगाने के लिए तलाशी ली, जहां कथित तौर पर खालिस्तान समर्थक नारे लिखे गए थे, लेकिन उन्हें ऐसी कोई जगह नहीं मिली। एजेंसी मामले की गंभीरता की जांच करेगी और उन लोगों की पहचान करेगी जिन्होंने दिल्ली में पन्नू की मदद की होगी या उसके कहने पर काम किया होगा।

## 11 करोड़ का इनामी है आरोपी

यह पहली बार नहीं है जब उसने ऐसी धमकियां दी हैं। सितंबर 2025 में, नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी ने पन्नू पर गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (वअढअ) के तहत मामला दर्ज किया था, क्योंकि उसने स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तिरंगा फहराने से रोकने के लिए 11 करोड़ रुपये का इनाम देने की घोषणा की थी।

## एसएफजे का संस्थापक है आरोपी

पन्नू प्रतिबंधित संगठन, सिख्स फॉर जस्टिस (SFJ) का संस्थापक है। वह अमृतसर के बाहरी इलाके में खानकोट गांव का रहने वाला है। वह महिंदर सिंह नाम के पंजाब राज्य कृषि विपणन बोर्ड के एक पूर्व कर्मचारी के तीन बच्चों में से एक है। उसने 1990 के दशक में पंजाब यूनिवर्सिटी से कानून में ग्रेजुएशन किया और वह अमेरिका में एक वकील है। गृह मंत्रालय ने 10 जुलाई, 2019 को UAPA के तहत SFJ पर प्रतिबंध लगा दिया था। पन्नू को 1 जुलाई, 2020 को 'व्यक्तिगत आतंकवादी' घोषित किया गया था।

# स्कूल गेट पर खून से सनी दोपहर, 11वीं के छात्र पर चाकूबाजी से मची सनसनी

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 जनवरी। चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित सरकारी स्कूल के बाहर शुक्रवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब छुट्टी के समय 11वीं कक्षा के एक छात्र पर सरेआम चाकू से हमला कर दिया गया। बाइक पर आए दो युवकों ने छात्र पर अचानक वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद अभिभावकों की तत्परता से छात्र की जान बच सकी।

घायल छात्र की पहचान बलौंगी निवासी 17 वर्षीय शुलभ के रूप में हुई है, जो सेक्टर-37 के सरकारी स्कूल में पढ़ता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही छात्र स्कूल गेट से बाहर निकला, पहले से निगरानी कर रहे बाइक सवार युवकों ने उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से स्कूल गेट पर अफरा-तफरी मच गई।





## पेरेंट्स के सामने छूट गई हमलावरों की बाइक

छात्र की चीख-पुकार सुनते ही स्कूल के बाहर मौजूद अभिभावक उसकी ओर दौड़े। लोगों को अपनी तरफ बढ़ता देख हमलावर घबरा गए और मौके पर ही अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया।

## एम्बुलेंस पहुंची पहले, हालत नाज़ुक

सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम को अलर्ट किया गया। पीसीआर से पहले एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायल छात्र को सेक्टर-38 स्थित डिस्पेंसरी ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जीएमएसएच-16 सेक्टर रेफर कर दिया। फिलहाल छात्र अस्पताल में भर्ती है और डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है।

## पुलिस ने जब्त की बाइक, उळक्ष खंगाले जा रहे

घटना की जानकारी मिलते ही सेक्टर-37 थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कुछ ही देर में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामदयाल भी घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपियों द्वारा छोड़ी गई बाइक को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही स्कूल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि हमलावरों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए गए हैं और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# चंडीगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार व हिंदी शिक्षक डॉक्टर संदीप कुमार को मिला नेताजी सुभाष चंद्र बोस राष्ट्र गौरव सम्मान 2026

कटक ओडिशा/चंडीगढ़, 23 जनवरी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती के अवसर पर पी आई यू ट्रस्ट, नई दिल्ली द्वारा कटक ओडिशा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव-2026 के अंतर्गत चंडीगढ़ के वरिष्ठ साहित्यकार व हिंदी शिक्षक डॉक्टर संदीप कुमार को उत्कृष्ट साहित्यिक सहभागिता तथा शिक्षा के क्षेत्र में दीर्घकालिक सेवा व सक्रिय योगदान के लिए नेताजी सुभाष चंद्र बोस राष्ट्र गौरव सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया है । डॉक्टर संदीप कुमार चंडीगढ़ के सेक्टर 18 में स्थित द् न्यू पब्लिक स्कूल में वरिष्ठ हिंदी शिक्षक हैं और इन्हें उच्च कोटि के साहित्यिक सृजन तथा शैक्षिक विकास के लिए कई प्रतिष्ठित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मान भी प्राप्त हुए हैं । इन्हें राष्ट्र गौरव सम्मान से अलंकृत करते हुए संस्थान ने गौरवान्वित महसूस कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है ।



# मनीमाजरा मोटर मार्केट में आधी रात आग का तांडव, बिजली दफ्तर के पास खड़े वाहन जलकर खाक



चंडीगढ़/यूटर्न/23 जनवरी। चंडीगढ़ के मनीमाजरा मोटर मार्केट में वीरवार देर रात अचानक लगी भीषण आग ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। बिजली विभाग के कार्यालय के समीप बूथ नंबर 782 और 783 के सामने खड़े कई वाहन कुछ ही मिनटों में आग की लपटों में घिर गए और पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना रात करीब एक बजे के बाद की बताई जा रही है। सबसे पहले मौके पर तैनात चौकीदारों ने वाहनों से उठता धुआं और आग की लपटें देखीं। हालात की गंभीरता को भांपते हुए तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आग इतनी भयानक थी कि उसे काबू में करने में काफी समय और मशक्कत लगी। समय रहते आग बुझा ली गई, जिससे आसपास खड़े अन्य वाहनों और बिजली विभाग के कार्यालय को बड़ी क्षति से बचा लिया गया।बूथ नंबर 777 पर कार्यरत मैकेनिक रमेश राय ने बताया कि हिमाचल प्रदेश से मरम्मत के लिए आई उनकी ऑल्टो-800 कार पूरी तरह जल गई। इसके अलावा गुरविंदर सिंह की आई-20 कार और एक क्रिस्टा वाहन भी आग की चपेट में आकर खाक हो गए। वहीं अमर ट्रक बॉडी के पास बॉडी बनवाने के लिए खड़ा एक नया ट्रक भी बुरी तरह जल गया, जिसमें डैशबोर्ड, टायर और अन्य कीमती सामान पूरी तरह नष्ट हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग इतनी तेजी से फैली कि पास खड़े ट्रकों और अन्य वाहनों को हटाने तक का समय नहीं मिला। दुकानदारों का कहना है कि यदि दमकल विभाग कुछ देर और देर से पहुंचता, तो नुकसान कई गुना बढ़ सकता था। पास में स्थित बिजली विभाग के बड़े कार्यालय तक आग पहुंचने की आशंका बनी हुई थी। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस और फायर विभाग मामले की जांच कर रहे हैं। प्रारंभिक आकलन में दुकानदारों ने इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई है।




# आपसी भाईचारे व सेवा का संगम है मां बगलामुखी धाम : भगवंत मान

लुधियाना, यूटन्र, 23 जनवरी । मां बगलामुखी धाम प्रबंधक कमेटी ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को 243 घंटे के अखंड महायज्ञ का निमंत्रण पत्र दिया। धाम प्रमुख महंत प्रवीण चौधरी जी व सेवक मनप्रीत सिंह छतवाल ने उन्हें यज्ञ में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेंट कर आमंत्रित किया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री हरजोत बैंस भी उपस्थित थे मुख्यमंत्री ने निमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा किस्मत के धनी लोगो को ही मां



बगलामुखी दरबार में नतमस्तक होने का सुअवसर मिलता है। उन्होने यज्ञ में परिवार सहित शामिल होने की बात भी की। मुख्यमंत्री ने कहा मां बगलामुखी धाम आपसी भाईचारे व सेवा का संगम है। महंत प्रवीण चौधरी जी के सान्धिय में सभी धर्मो के पैरोकारों का आहुतियां डलाना आपसी प्रेम की अदभुत मिसाल है। महंत प्रवीण चौधरी जी व मनप्रीत छतवाल ने मुख्यमंत्री को 243 घंटे के अखंड महायज्ञ कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 11 फरवरी से 21 फरवरी,2026 तक अखंड महायज्ञ स्थानीय पखोवाल रोड स्थित मां बगलामुखी धाम में आयोजित होगा। जिसमें देश-विदेश से भक्त शामिल होकर मां बगलामुखी की आराधना कर आशीर्वाद लेंगे। इस अवसर पर सीए सतबीर सिंह, सीए विवेक बंसल व अन्य भी उपस्थित थे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### हिंदू और मुस्लिम के खिलाफ फैलाया जाने वाला जहर ही अब राजनीति की सीढ़ी है।

भारत जैसी विविधताओं से भरी लोकतांत्रिक व्यवस्था में धर्म लोगों की आस्था का विषय है, लेकिन दुर्भाग्य से राजनीति में इसे अक्सर सत्ता प्राप्ति का साधन बना लिया जाता है। कुछ राजनीतिक दल और नेता हिंदू-मुस्लिम के बीच अविश्वास और डर फैलाकर अपने वोट बैंक को मजबूत करने की कोशिश करते हैं। इतिहास, घटनाओं और भावनाओं को तोड़-मरोड़कर इस तरह पेश किया जाता है कि आम जनता एक-दूसरे को दुश्मन समझने लगे। इस प्रचार में सोशल मीडिया, भड़काऊ भाषण, झूठी खबरें और आधे-अधूरे तथ्य अहम भूमिका निभाते हैं। कभी हिंदुओं को खतरे में बताया जाता है, तो कभी मुसलमानों को डराया जाता है कि उनके अधिकार छीने जा रहे हैं। इस राजनीति का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि समाज में नफरत, हिंसा और असुरक्षा की भावना बढ़ती है, जबकि असली मुद्दे-जैसे शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और महंगाई-पीछे छूट जाते हैं। हिंदू और मुस्लिम सदियों से इस देश में साथ रहते आए हैं और संस्कृति, कला व परंपराओं को मिलकर समृद्ध किया है। राजनीति का काम लोगों को जोड़ना होना चाहिए, न कि तोड़ना। इसलिए जरूरी है कि जनता ऐसे प्रचार को पहचाने, सवाल करे और धर्म से ऊपर उठकर देश के विकास और सामाजिक सौहार्द को प्राथमिकता दे।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Consumer Court में evidence का महत्व क्यों निर्णायक होता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

Consumer Court को अक्सर एक सरल और तेज न्याय मंच माना जाता है, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि यहाँ बिना सबूत के फैसले हो जाते हैं। कई उपभोक्ता यह सोचकर शिकायत दर्ज कर देते हैं कि उनकी बात सच्ची है, इसलिए कोर्ट अपने-आप राहत दे देगा। वास्तविकता यह है कि Consumer Court भावनाओं पर नहीं, बल्कि evidence पर निर्णय करता है।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि Consumer Complaint एक कानूनी कार्यवाही होती है। यहाँ यह देखना होता है कि सेवा में कमी या उत्पाद में दोष वास्तव में हुआ था या नहीं। इसके लिए बिल, रसीदें, ई-मेल, पत्राचार, शिकायत नंबर, रिपोर्ट या अन्य दस्तावेज बेहद अहम होते हैं। जो बात कागज पर साबित हो सके, वही अदालत के लिए निर्णायक बनती है।

Consumer मामलों में अक्सर यह देखा गया है कि लोग बातचीत या मौखिक आश्वासन के भरोसे मामला दर्ज कर देते हैं। लेकिन जब अदालत पूछती है कि इसका प्रमाण क्या है, तो जवाब नहीं होता। ऐसे मामलों में शिकायत सही होते हुए भी कमजोर पड़ जाती है। दूसरी ओर, सीमित लेकिन स्पष्ट evidence कई बार पूरे मामले की दिशा तय कर देता है। यह भी जरूरी है कि evidence समय पर और सही तरीके से पेश किया जाए। बाद में नया सबूत लाने की अनुमति हर बार नहीं मिलती। इसलिए शिकायत दाखिल करते समय ही अपने पूरे दस्तावेज क्रमबद्ध और स्पष्ट रूप में प्रस्तुत करना सबसे सुरक्षित तरीका होता है।

Consumer Court में evidence का मतलब केवल कागज नहीं होता। लगातार देरी, जवाब न देना या शिकायतों को नजरअंदाज करना भी रिकॉर्ड का हिस्सा बन सकता है। लेकिन इन सबका मूल्य तभी होता है, जब वे लिखित या रिकॉर्डेड रूप में सामने हों।

निष्कर्ष: Consumer Court में सच उतना ही मजबूत होता है, जितना उसका evidence. सही दस्तावेज, स्पष्ट रिकॉर्ड और समय पर प्रस्तुत किए गए सबूत ही उपभोक्ता के अधिकारों को वास्तविक ताकत देते हैं। बिना evidence के सबसे सही मामला भी कमजोर पड़ सकता है— और मजबूत evidence के साथ साधारण शिकायत भी न्याय दिला सकती है।

# रथ यात्रा से मजबूत होगा सामाजिक भाईचारा - एस. एस. खुराना

लुधियाना/यूटर्न/23 जनवरी। लुधियाना में महाशिवरात्रि महोत्सव कमेटी की ओर से 13 फरवरी को भगवान भोलेनाथ जी की विशाल रथ यात्रा निकाली जा रही है। रथ यात्रा के प्रचार प्रसार को लेकर आंसल एस्टेट के एस.एस खुराना को भी निमंत्रण दिया। निमंत्रण पत्र लेते हुए एस.एस. खुराना ने कमेटी सदस्यों को आश्वासन दिया कि वो रथ यात्रा में तन-मन-धन से सहयोग देंगे। उनके परिवार की ओर से भगवान भोलेनाथ की महाआरती की जाएगी। एस. एस. खुराना ने कहा कि भगवान भोलेनाथ की रथ यात्रा सेवा, श्रद्धा और समर्पण का अनुपम



संगम है। इस पावन अवसर पर आंसल एस्टेट परिवार शिव भक्तों के लिए जलपान, भंडारे व विश्राम की समुचित व्यवस्था करेगा। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे धार्मिक पर्व समाज को सकारात्मक दिशा देने का कार्य करते हैं। ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लेना हम सभी का नैतिक दायित्व है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को भी हमारी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ा जा सके।

# हरिनाम संकीर्तन पूर्व जन्मों के पुण्य का फल है - पं. राजकुमार शर्मा

लुधियाना/यूटर्न/23 जनवरी। नत गाँव साहनेवाल स्थित तपोस्थली कुटिया श्री दंडी स्वामी महाराज में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर 13वां वार्षिक उत्सव हरिनाम संकीर्तन के साथ भरी बरसात में भी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम पं. राजकुमार शर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर श्री ठाकुर जी का भव्य और अलौकिक दरबार सजाया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। विधिवत रूप से श्री महाराज जी एवं श्री ठाकुर जी का पूजन-अर्चन किया गया। इसके पश्चात श्री



सिद्धपीठ परिंकर द्वारा भावपूर्ण हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन की शुरूआत गणपति वंदना एवं हरे कृष्ण हरे राम महामंत्र जाप से की गई। विशेष रूप से श्री दंडी स्वामी प्रज्ञानंद जी महाराज भक्तों को आशीर्वाद प्रदान करने हेतु पधारे। कार्यक्रम में ब्राह्मणों द्वारा स्वस्वर पाठ, स्वस्तिवाचन एवं शांति पाठ का भी भावपूर्ण आयोजन किया गया। पं. राजकुमार शर्मा ने 13वें वार्षिक उत्सव की सभी श्रद्धालुओं को बधाई देते हुए कहा कि हरिनाम संकीर्तन और नाम जप कोई साधारण कर्म नहीं है, यह पूर्व जन्मों के पुण्य संस्कारों का फल होता है। आज हम सभी को जो यह नाम जप और संकीर्तन का अवसर मिला है, वह ईश्वर की विशेष कृपा का परिणाम है।

# पंजाब पुलिस-बदमाश के बीच मुठभेड़, लवप्रीत उर्फ लवी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, पिस्तौल बरामद

जालंधर/यूटर्न/23 जनवरी। जालंधर के पास अलावलपुर रोड पर पुलिस और बदमाश के बीच हुई मुठभेड़ में एक आरोपी बदमाश घायल हो गया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उसके हाथ में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी हरविंदर सिंह विर्क ने बताया कि 19 दिसंबर को किशन गढ़ चौक के पास बरिसटा कैफे के पास सेंट सोल्जर कॉलेज की प्रधानगी को लेकर विवाद हुआ था।

जानकारी के अनुसार, इस विवाद में पेट्रोल पंप के बाहर 3 कारों में सवार नौजवानों द्वारा फायरिंग कर दी गई थी। वहीं घटना में 2 लोग घायल हो गए। इस मामले में 19 दिसंबर को लक्की को एनकाउंटर करके गिरफ्तार किया था। वहीं अब आदमपुर के डीएसपी की अगुवाई में टीमें तैनात कर आरोपियों की तालाश की जा रही थी। इसी को लेकर भुलत्थ के रहने वाले मुख्य शूटर लवप्रीत उर्फ लवी को लेकर गुप्त सूचना मिली थी कि अलावपुर में घूम रहा है।



### आरोपी को लगी दो गोलियां

पुलिस चौकी ने टीम सहित आरोपी को शुक्रवार सुबह 9.15 बजे जगरावां की साइड रोकने की कोशिश की। आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की कर दी। जिसके बाद पुलिस की ओर से जवाब फायरिंग में 2 गोलियां आरोपी को लगी और वह घायल हो गया। आरोपी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी के खिलाफ लड़ाई झगड़े के 3 मामले दर्ज है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक पिस्तौल बरामद की है।

# ढकोली में बड़ा हादसा टला, तेज आंधी से इमारत से उखड़ी लोहे की चादर बिजली के खंभे पर गिरी

जीरकपुर, यूटर्न, 23 जनवरी। ढकोली के पीरमुछल्ला क्षेत्र स्थित राधे होम सोसाइटी में खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। तेज आंधी के दौरान सोसाइटी की एक इमारत की तीसरी मंजिल पर लगी लोहे की चादर अचानक उखड़कर नीचे गिर गई। भारी लोहे की चादर सीधे नीचे लगे बिजली के खंभे पर जा गिरी, जिससे खंभा पूरी तरह टूट गया। घटना के समय सोसाइटी परिसर में लोग मौजूद थे, लेकिन गनीमत रही कि कोई भी व्यक्ति इसकी चपेट में नहीं आया और किसी तरह की जनहानि नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह हादसा कुछ देर बाद या अधिक भीड़भाड़ के समय होता, तो जान-माल का भारी नुकसान हो सकता था। घटना के बाद सोसाइटी में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बिजली का खंभा टूटने से पूरे इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। सूचना मिलने के बाद बिजली विभाग और प्रशासन को मामले से अवगत कराया गया। सोसाइटी निवासियों ने आरोप लगाया कि ऊपरी मंजिलों पर लगी निर्माण सामग्री और लोहे की चादरों की समय-समय पर जांच नहीं की जाती, जिसके कारण इस तरह के हादसे सामने आ रहे हैं। लोगों ने मांग की है कि क्षतिग्रस्त बिजली के खंभे को जल्द बदला जाए और बिजली आपूर्ति बहाल की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से बचा जा सके।





# क्ले वर्ल्ड स्कूल का वार्षिकोत्सव, स्वरांजली के मंच से झलकी भारत की सांस्कृतिक एकता

लुधियाना/यूटर्न/23 जनवरी। क्ले वर्ल्ड स्कूल द्वारा अपना वार्षिकोत्सव स्वरांजली - ए सिम्फनी ऑफ भाव, राग एंड ताल बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के सी.ई.ओ. शोभन सोई एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया, जिसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक कृष्ण वंदना प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर चंद्रशेखर तलवार (आईएएस) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विद्यालय के सी.ई.ओ. शोभन सोई ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया, जबकि विद्यालय की एकेडमिक हेड कविता डावर ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसके उपरांत अध्यापिकाओं द्वारा स्कूल के मिशन, विजन एवं मूल्यों को दर्शाती एक प्रभावशाली माइम प्रस्तुति दी गई।



# तीन महीने पुरानी रंजिश ने ली जान, पार्क में सो रहे युवक को टाइल से कुचलकर की हत्या



चंडीगढ़, यूटर्न, 23 जनवरी। शहर के सेक्टर-40 स्थित पार्क में युवक की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। सेक्टर-39 थाना पुलिस ने आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर लिया है, जिसने पूछताछ में कबूल किया कि उसने तीन महीने पहले हुए हमले का बदला लेने के लिए इस जघन्य वारदात को अंजाम दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी विनोद उत्तर प्रदेश का निवासी है और मनीमाजरा मार्केट में काम करता है। पूछताछ में उसने बताया कि करीब तीन महीने पहले मृतक विवेक उर्फ शैंकी ने उस पर हमला किया था, जिसमें उसका टखना बुरी तरह फ्रैक्चर हो गया था। लंबे समय तक इलाज और चलने-फिरने में आई दिक्कतों ने उसके मन में बदले की आग भर दी थी।


**सोते समय सिर कुचलकर उतारा मौत के घाट...**22 जनवरी की शाम आरोपी ने मौके का फायदा उठाया। सेक्टर-40सी स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के पास बने पार्क में बेंच पर सो रहे विवेक पर उसने भारी टाइल से सिर पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गंभीर हालत में विवेक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**मां की शिकायत से खुली हत्या की परतें...**मृतक की मां वीना कुमारी, निवासी गांव बड़माजरा (मोहाली), की शिकायत पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया था। उन्होंने बताया कि उनका बेटा नशे का आदी था और अक्सर पार्क में ही रात गुजारता था। उन्होंने आशंका जताई थी कि किसी जानकार ने ही इस वारदात को अंजाम दिया है।

**सीसीटीवी, फोरेंसिक और तकनीकी जांच से गिरफ्तारी...**पुलिस ने घटनास्थल से फोरेंसिक साक्ष्य जुटाए और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। गवाहों के बयान और तकनीकी जांच के आधार पर आरोपी की पहचान की गई, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है। हत्या में इस्तेमाल टाइल सहित अन्य सबूतों की गहन जांच की जा रही है। आरोपी को जल्द अदालत में पेश कर रिमांड की मांग की जाएगी।

# लुधियाना में गैंगस्टर का मेडिकल करवा ले जाते हुए पुलिस की गाड़ी पलटी, आरोपी की दोनों टांगे टूटी, चार मुलाजिम भी जख्मी

लुधियाना/यूटर्न/23 जनवरी। मुल्लापुर में कारों के शोरुम पर फायरिंग करने के मामले में शामिल हरियाणा के कुख्यात गैंगस्टर अमित डागर को मेडिकल करवाकर वापिस थाने ले जाते हुए पुलिस की गाड़ी का टायर फट गया। जिस कारण गाड़ी पलट गई और गैंगस्टर की दोनों टांगे टूट गई। इस घटना में एक एएसआई समेत चार मुलाजिम जख्मी हुए। डीएसपी वरिंदरजीत सिंह खोसा ने बताया कि उसे गुरुवार को मेडिकल जांच के लिए जगराओं ले जाया गया। रात करीब साढ़े 11 बजे जगराओं से मेडिकल करवा कर जब चौकीमान टोल प्लाजा के पास जा रहे थे तो अचानक महिंद्रा गाड़ी का टायर फट गया, जिस कारण गाड़ी बेकाबू होकर पलट गई। डीएसपी वरिंदरजीत सिंह खोसा ने बताया कि गाड़ी 2 से 3 बार पलटी। पुलिस के भी 4 मुलाजिमों को मामूली चोटें आई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार हादसे में एएसआई गुरमीत सिंह को गंभीर चोटें आई हैं। सभी को अस्पताल भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। डीएसपी वरिंदजीत सिंह खोसा ने कहा कि रायल लिमो कार शोरुम के बाहर जो फायरिंग हुई थी, उस मामले में अमित डागर नाम के शख्स को प्रोडक्शन वारंट पर लाए थे। शुक्रवार को उसे कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।



Uturn Time 24 Jan 2026_Layout 2 23-01-2026 11:01 Page 8



# जगरांव पुलिस ने फिल्मी अंदाज में पीछा कर स्कॉर्पियो सवार 2 संदिग्धों को दबोचा

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/23 जनवरी। जगरांव पुलिस ने इलाके में मुस्तैदी दिखाते हुए एक स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार दो संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो संदिग्ध व्यक्ति स्कॉर्पियो गाड़ी में जगरांव इलाके में घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आई और संदिग्ध गाड़ी का पीछा करना शुरू कर दिया। काफी



मशक्कत और लंबी दूरी तक पीछा करने के बाद, पुलिस ने स्कॉर्पियो को घेरकर दोनों युवकों को काबू कर लिया। डीएसपी जसविंदर सिंह ने बताया कि संदिग्धों की मौजूदगी की सूचना मिलते ही पुलिस टीमें अलर्ट हो गई थीं। इन दोनों युवकों को संदेह के आधार पर राउंड-अप (हिरासत में) किया गया है। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला अभी जांच के अधीन है।

# अवैध हथियार व कारतूस सहित दो युवक गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/23 जनवरी। लुधियाना देहाती पुलिस ने गश्त के दौरान अवैध हथियार और कारतूस के साथ दो युवको को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार युवक की पहचान गुरजंट सिंह उर्फ पम्मा निवासी गांव अक्कूवाल, जगजीत सिंह जग्गी निवासी गग्ग कलां सिधवां बेट के रूप में हुई है।

आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड हासिल कर लिया गया है, ताकि उससे गहन पूछताछ की जा सके। एएसआई सुखविंदर सिंह ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ गश्त पर नहर पुल सिधवां बेट के पास मौजूद थे। इसी दौरान उन्हें गुप्त सूचना मिली कि उक्त युवक के पास अवैध हथियार है और वह किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारकर आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का देसी कट्टा और एक कारतूस बरामद हुआ। वही पुलिस ने आरोपी के साथी जगजीत सिंह से एक रिवाल्वर 32 बोर व कारतूस बरामद हुआ है। आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी गुरजंट के खिलाफ पहले भी दो मामले दर्ज हैं, जिनमें से एक मामला वर्ष 23 में अवैध हथियार रखने का थाना सिधवां बेट में दर्ज है। वही जगजीत सिंह पर 25 में असला एक्ट का मामला दर्ज हुआ था।



## दूसरी बार अवैध हथियार के साथ पकड़े आरोपी

आरोपी गुरजंट सिंह, जगजीत दूसरी बार अवैध हथियार के साथ पकड़े है। पुलिस अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि आरोपियों तक हथियार कहां से पहुंच रहे हैं और इसके पीछे कौन सा नेटवर्क सक्रिय है। जांच में यह भी पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपी किसी संगठित गिरोह से जुड़ा है या नहीं तथा वह किन संभावित वारदातों को अंजाम देने की योजना बना रहा था।

# युद्ध नशे विरुद्ध 2 के तहत, डीएवी कॉलेज जगराओं से निकाली रैली

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/23 जनवरी। पंजाब सरकार के निर्देशों के तहत, पिंडा दे पहरेदार के दूसरे फेज को लागू करने के लिए विधायक सरबजीत कौर मानूके और एलआर डीएवी कॉलेज, प्रिंसिपल डॉ. अनुज कुमार शर्मा, एनसीसी, एनएसएस यूनिट्स और कॉलेज की स्टूडेंट काउंसिल ने ड्रग्स के खिलाफ युद्ध नशे विरुद्ध 2 जागरूक रैली में हिस्सा लिया। जहां कॉलेज और स्कूलों के छात्र बड़ी संख्या में में इकट्ठा हुए, जहां कॉलेज प्रिंसिपल और शहर के जाने-माने लोगों ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




शहर के बाजारो से होते हुए नगर परिषद पहुंची। ड्रग्स के खिलाफ बैनर पकड़े विधायक सरबजीत कौर मानूके रैली में शामिल हुई और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पंजाब को प्रभावित करने वाले ड्रग्स के खतरे को खत्म करने के लिए युवा को इस बीमारी से दूर रखना ही सबसे असरदार तरीका हैं। उन्होंने इकट्ठा हुए सभी स्कूल के अध्यापक और छात्र-छात्राओं को उनकी पहल-कदमी के लिए धन्यवाद दिया और उन्हें भरोसा दिलाया कि एजुकेशनल इंस्टिट्यूशन हमारे समाज से ड्रग्स की बुराई को खत्म करने में अहम रोल निभा सकते हैं। उन्होंने कॉलेज प्रिंसिपल, डॉ. अनुज शर्मा को भी धन्यवाद दिया कि उन्होंने न सिर्फ अपने कॉलेज को ऐसे अवेयरनेस कैंपेन में शामिल किया, बल्कि अपना ज्यादा से ज्यादा समय और मेहनत भी दी।

# सुभाष गेट के पास महिलाओं से पर्स छीनकर बाइक सवार फरार



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/23 जनवरी। जगरांव के सबसे व्यस्त व्यापारिक क्षेत्रों में से एक, सुभाष गेट के समीप शुक्रवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब बाइक सवार दो लुटेरों ने खरीदारी कर लौट रही दो महिलाओं को अपना निशाना बनाया। सरेआम बाजार में हुई इस लूट की वारदात ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था और पुलिस की मुस्तैदी पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। जानकारी के अनुसार, दो महिलाएं मुख्य बाजार से शॉपिंग करने के बाद पैदल अपने गांव वापस लौटने के लिए सुभाष गेट की ओर पैदल जा रही थीं। इसी दौरान मुख्य बाजार से थाना रोड की तरफ से आए दो बाइक सवार युवकों ने घात लगाकर महिलाओं के हाथ से पर्स झपटा और बड़ी तेजी से सुभाष गेट के साथ लगते रास्ते से होते हुए भंगड़ गेट की ओर फरार हो गए।थाना सिटी जगराओं में मौजूद पीड़ित महिलाओं ने अपनी पहचान गुप्त रखने की शर्त पर बताया कि लुटेरे उनके पास से कीमती सामान ले उड़े हैं। जिसमें नकदी, आईफोन, 2 आई-वॉच और एक ब्रेसलेट मौजूद था।

# सन्मति विमल जैन स्कूल में बसंत पंचमी का त्योहार मनाया



चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/23 जनवरी। सन्मति विमल जैन सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, जगरांव के नर्सरी, एल.के.जी और यू.के.जी विभाग ने बसंत पंचमी का त्योहार बड़े उत्साह से मनाया। शिक्षा की देवी सरस्वती माता की पूजा की गई। बच्चे इस त्योहार को मनाने के लिए रंग-बिरंगी पतंगें लाए थे। सभी बच्चे बसंत के रंगों के कपड़े पहने हुए थे। वे इस त्योहार को मनाने के लिए मीठे पीले चावल और लड्डू जैसी कई स्वादिष्ट खाना लाए थे। बच्चों ने इस त्योहार को बड़े उत्साह से मनाया। इस मौके पर बच्चे और विद्यार्थी ने मिलकर पतंगें उड़ाई। इस मौके पर प्रधान रमेश जैन, सेक्रेटरी महावीर जैन और प्रिंसिपल सुप्रिया खुराना ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं दीं और बताया कि विरासत परंपरा का हिस्सा है। इन लुप्त होते त्योहारों को बढ़ावा देने की जरूरत है। इस मौके पर सोनिया कपूर, सरिता ठुकराल, शैली गाबा, शैली अरोड़ा, परमजीत कौर, कुलविंदर कौर, आरती पलटा, शशि शर्मा, गुरमीत कौर, जतिंदर कौर, हरमीत कौर, सरिता अग्रवाल, महक जगोता, आंचल रानी, रिशु बंशल, रजनी वर्मा, मैडम सोनिया, नरिंदर कौर, नवजोत कौर, नेहा सहोता, रजनी रिहान वगैरह मौजूद थे।

## डेराबस्सी में 'एक देश-एक चुनाव' अभियान का आगाज, हस्ताक्षर अभियान चलाया



डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। 'एक देश-एक चुनाव' अभियान के तहत डेराबस्सी में कॉलेज के समीप युवाओं द्वारा हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान युवाओं और क्षेत्रवासियों से नाम व हस्ताक्षर लेकर इस पहल के समर्थन में जनसमर्थन जुटाया गया।

इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजीव खन्ना विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि 'एक देश-एक चुनाव' से देश का बहुमूल्य समय बचेगा और चुनावों पर होने वाला भारी सरकारी खर्च कम होगा। उन्होंने बताया कि बार-बार चुनाव होने से सुरक्षा व्यवस्था, सरकारी मशीनरी की तैनाती, बूथों की स्थापना और बड़ी संख्या में सरकारी कर्मचारियों को चुनाव ड्यूटी में लगाया जाता है, जिससे प्रशासनिक और विकासात्मक कार्य प्रभावित होते हैं। यह सारा खर्च जनता के टैक्स के पैसे से होता है, जिससे 'एक देश-एक चुनाव' लागू होने पर राहत मिलेगी। संज खन्ना ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा यह अभियान देशहित में चलाया जा रहा है, जो अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुचारू बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

## एक्शन प्लान व लीगल एड सिस्टम के विरोध में वकीलों की हड़ताल, न्यायिक कार्य ठप



डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। राज्य स्तरीय आह्वान पर बार एसोसिएशन डेराबस्सी ने शुक्रवार को एक्शन प्लान और लीगल एड सिस्टम के विरोध में पूर्ण हड़ताल की। हड़ताल के चलते स्थानीय अदालतों में पूरे दिन न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा और वादकारी बिना कामकाज के लौटने को मजबूर हुए।

बार एसोसिएशन के प्रधान एडवोकेट विक्रमजीत सिंह दप्पर ने बताया कि यह निर्णय पंजाब की सभी बार एसोसिएशनों की वर्चुअल बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया। उन्होंने कहा कि नए एक्शन प्लान के तहत अदालतों में अनावश्यक रूप से पेंडेंसी दर्शाई जा रही है और मामलों में बहुत कम अंतराल पर बार-बार छोटी तारीखें दी जा रही हैं। इससे वकीलों पर समय-सीमा का अत्यधिक दबाव बढ़ गया है और वे अपने मुवक्किलों को प्रभावी न्याय दिलाने में कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं।

दप्पर ने आगे कहा कि बढ़ते कार्यभार के कारण वकील मानसिक तनाव और गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे हैं। उन्हें न तो अपने परिवार के लिए समय मिल पा रहा है और न ही पेशेवर दायित्वों को संतुलित रूप से निभाने का अवसर।

## सर्दियों की पहली बारिश ने खोली नगर कौंसिल की तैयारियों की पोल, डेराबस्सी-बरवाला रोड जलमग्न



डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। सर्दियों की पहली तेज बारिश ने जहां तापमान में गिरावट दर्ज कराई, वहीं नगर कौंसिल की तैयारियों की पोल भी खोल कर रख दी। बारिश के चलते डेराबस्सीझ्बरवाला रोड सहित आसपास के कई रिहायशी इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ।

नगर कौंसिल द्वारा जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी निचले इलाकों और कई घरों तक पहुंच गया। इससे लोगों के घरेलू सामान के खराब होने की आशंका बनी हुई है। डेराबस्सी-बरवाला रोड पर पानी भर जाने से सड़क तालाब का रूप धारण कर गई, जिसके कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई।

दोपहिया वाहन चालकों को पानी से भरी सड़क से गुजरते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन बीच रास्ते में ही बंद हो गए, जिससे लोगों को घंटों जाम जैसी स्थिति से जूझना पड़ा। राहगीरों और वाहन चालकों में नगर प्रशासन के प्रति भारी रोष देखा गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह स्थिति नगर कौंसिल द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई को लेकर किए गए दावों की सच्चाई उजागर करती है। लोगों ने आरोप लगाया कि हर साल हल्की बारिश में भी यही हालात बन जाते हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और भविष्य में बारिश के दौरान जलभराव से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

# डीसीसी ने वाहन चोरी गिरोह का किया भंडाफोड़, 26 दोपहिया वाहन बरामद





अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 जनवरी। डिस्ट्रिक्ट क्राइम सेल ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए वाहन चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने तीन शातिर वाहन चोरों गगनदीप सिंह उर्फ गग्गी, सुखदेव सिंह उर्फ डेबी और संदीप सिंह उर्फ दीप को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 26 चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए हैं। इनमें 21 हीरो होंडा स्प्लेंडर मोटरसाइकिल, 2 बुलेट मोटरसाइकिल और 3 एक्टिवा स्कूटर शामिल हैं।

यह कार्रवाई शहर की एसएसपी कंवरदीप कौर के निर्देश पर, डीएसपी/डीसीसी विजय के मार्गदर्शन और इंस्पेक्टर जसपाल सिंह भुल्लर की निगरानी में की गई। पुलिस के अनुसार आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ चंडीगढ़ के 21 और पंजाब के 3 मामलों का खुलासा हुआ है, जबकि दो वाहनों की अभी जांच की जा रही है। आरोपी गगनदीप सिंह उर्फ गग्गी और सुखदेव सिंह उर्फ डेबी को पंजाब के जिला फिरोजपुर में गांव गजनीवाला स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के पास, फिरोजपुर-जालालाबाद रोड पर वीरसा ढाबा के नजदीक से गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर चंडीगढ़ के विभिन्न इलाकों से चोरी की गई 13 मोटरसाइकिलें बरामद की गई। तीसरे आरोपी संदीप सिंह उर्फ दीप को पहले ही मोलिया जगरा थाने की पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसे प्रोडक्शन वारंट पर लाकर पूछताछ की गई, जिसके दौरान उसकी निशानदेही पर 13 अन्य चोरी के दोपहिया वाहन बरामद किए गए।

पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान फिरोजपुर के गगनदीप सिंह उर्फ गग्गी, सुखदेव सिंह उर्फ डेबी, संदीप सिंह उर्फ दीप के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया है कि तीनों आरोपी नशे के आदी हैं और नशे के लिए पैसे जुटाने के उद्देश्य से वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। आरोपियों ने पुलिस की निगरानी से बचने के लिए खास रणनीति अपनाई।

वे चोरी करने के लिए चंडीगढ़ आते समय मोबाइल फोन और निजी वाहनों का इस्तेमाल नहीं करते थे। फिरोजपुर से चंडीगढ़ के डेरिया रेलवे स्टेशन तक ट्रेन से सफर करते और चोरी के बाद वाहनों के साथ वापस लौट जाते थे। चोरी के लिए वे स्मार्ट या डुप्लीकेट चाबियों का इस्तेमाल करते थे ।एसएसपी का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ अन्य जिलों में भी इसी तरह की वारदातों में संलिप्तता की जांच की जा रही है। गगनदीप सिंह और सुखदेव सिंह को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है, जबकि संदीप सिंह फिलहाल पुलिस रिमांड पर है।

## 60 ग्राम हेरोइन सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

चरणजीत सिंह चन्न

जगरांव/यूटर्न/23 जनवरी। थाना सिटी जगरांव के अधीन आती बस स्टैंड पुलिस चौकी ने दो व्यक्तियों को 60 ग्राम हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की। चौकी प्रभारी एएसआई सुखविंदर सिंह देओल ने बताया कि वह पुलिस पार्टी के साथ गाड़ी में सवार होकर मलिक चौक जगराओं में गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान उन्हें सूचना मिली कि सोनू उर्फ परदेसी पुत्र विनोद कुमार निवासी छत्ती गली जगरांव और राम सिंह पुत्र मलकीत सिंह निवासी मोहल्ला गांधी जगरांव, जो हेरोइन बेचने का अवैध धंधा करते हैं, अभी भारी मात्रा में हेरोइन बेचने के लिए कोठे खंजूरा रोड अलीगढ़ स्थित एक सुनसान कॉलोनी के गेट पर ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की। पुलिस ने मौके से घेराबंदी कर दोनों आरोपियों सोनू और राम सिंह को काबू कर लिया। तलाशी के दौरान उनके पास से 60 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिटी जगरांव में मामला दर्ज किया है।



Uturn Time 24 Jan 2026_Layout 2 23-01-2026 11:01 Page 10



# बसंत पंचमी व स्थापना दिवस पर श्री शारदा माता परिवार ने कराया कन्यादान, पेश की सामाजिक सेवा की मिसाल



डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। मां शारदा (सरस्वती) के बसंत पंचमी पर्व और स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर श्री शारदा माता परिवार (7249) डेराबस्सी ने चौथी बार सामाजिक सेवा की एक अनूठी और प्रेरणादायक मिसाल पेश की। संस्था की ओर से एक जरूरतमंद परिवार की बेटी का विवाह पूरे विधि-विधान से संपन्न कराते हुए कन्यादान की रस्म निभाई गई।

कार्यक्रम की शुरूआत सुबह हवन के साथ हुई, जिसे भाजपा मंडल प्रधान पवन धीमान के परिवार और मंदिर कमेटी सदस्यों द्वारा संपन्न कराया गया। इसके उपरांत बारात का सम्मानपूर्वक स्वागत किया गया और पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह संस्कार पूरे कराए गए। विवाह के बाद भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बारातियों के साथ-साथ शहर के गणमान्य नागरिकों और श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

बारात की विदाई के पश्चात भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसे भाजपा नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कन्यादान की रस्म निभाते हुए शारदा माता परिवार और आयोजक सदस्यों की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा की। संस्था की ओर से नवविवाहित बेटी को घरेलू जरूरत का समस्त सामान भेंट किया गया, जिसमें डबल बेड, गद्दे, अलमारी, ट्रंक, सिलाई मशीन, पंखा, कुकर, गैस चूल्हा, 51 बर्तन, प्रेस, सोने का कोका, चांदी की पायल, लड़की के 11 सूट, लड़के के 5 सूट, कंबल, कपड़े धोने की मशीन, फ्रिज, टीवी, कुर्सियां और टेबल आदि शामिल रहे।

इस पावन अवसर पर गुरु जी श्री बचना राम और भगत श्री शर्मा वालिया (मानकटवरा गद्दी) विशेष रूप से उपस्थित रहे और नवदंपती को आशीर्वाद प्रदान किया।

कार्यक्रम की सफलता में संस्था के पदाधिकारियों और डेराबस्सी मुस्लिम वेलफेयर कमेटी (8360) के सदस्यों का विशेष योगदान रहा। इस मौके पर संस्था के प्रधान राकेश अचिंत, उपप्रधान दीपक मग्गो, सचिव रजनीश शर्मा, संस्थापक रविंदर कौशिक, संरक्षक अमृतपाल सिंह मोदी, सुशील व्यास, दिनेश गांधी सहित संदीप भटनागर, तुषार कौशिक, राजन जस्सी, कुणाल कौशिक, अमरीश भल्ला, भुवनेश चौहान, राकेश मेहता, सुमित वर्मा, प्रकाश कुमार समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

इसके अतिरिक्त रविंदर वैष्णव, राजेश नारायण, राकेश मेहता, पवन धीमान उर्फ पम्मा, नरेंद्र शर्मा उर्फ बब्बू, बंटी शर्मा, दिनेश वैष्णव सहित अनेक प्रमुख व्यक्तियों ने भी कार्यक्रम में शिरकत कर नवदंपती को आशीर्वाद दिया। श्री शारदा माता परिवार द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को सशक्त करता है और अन्य सामाजिक संस्थाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनता है।

# बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजा का आयोजन, श्रद्धा से मनाया गया पर्व



डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। सरकारी कॉलेज डेराबस्सी में बसंत पंचमी का पर्व शुक्रवार को श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज की प्रिंसिपल श्रीमती गीतांजलि कालड़ा के संरक्षण में किया गया। इस अवसर पर विद्या की देवी मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना की गई।

प्रिंसिपल गीतांजलि कालड़ा सहित कॉलेज के स्टाफ सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर मां सरस्वती की पूजा की। इसके उपरांत संगीत विभाग के विद्यार्थियों कुलवीर सिंह, रोहित कुमार, भूमिका और जसलीन कौर ने सरस्वती वंदना का सुमधुर गायन प्रस्तुत किया। वहीं स्टाफ सदस्य हरमिंदर सिंह ने भी सरस्वती वंदना गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान बसंत ऋतु के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि सर्दियों के बाद बसंत का आगमन प्रकृति में नई ऊर्जा, हरियाली और उल्लास लेकर आता है, जिससे मन और प्रकृति का सुंदर सामंजस्य देखने को मिलता है।

इस अवसर पर कॉलेज स्टाफ और विद्यार्थियों ने परंपरा के अनुसार पीले रंग के वस्त्र धारण किए। साथ ही पीले चावल, हलवा जैसे पारंपरिक व्यंजन भी तैयार कर आपसी सौहार्द के साथ ग्रहण किए गए।

प्रिंसिपल श्रीमती गीतांजलि कालड़ा ने सभी को बसंत पंचमी की शुभकामनाएं देते हुए कामना की कि मां सरस्वती सभी के जीवन को ज्ञान, सुख और समृद्धि से भर दें। कार्यक्रम में कॉलेज का टीचिंग एवं नॉन-टीचिंग स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# डेराबस्सी सैनी सभा के प्रधान व प्रख्यात वास्तुकार सुखबीर सैनी का निधन



डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। डेराबस्सी क्षेत्र की प्रतिष्ठित सामाजिक और राजनीतिक हस्ती, सैनी सभा के प्रधान एवं प्रख्यात वास्तुकार सुखबीर सैनी का शुक्रवार दोपहर आकस्मिक निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। उनके निधन से डेराबस्सी सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर दौड़ गई है। सुखबीर सैनी केवल एक राजनीतिक नेता ही नहीं, बल्कि एक कुशल वास्तुकार और बौद्धिक व्यक्तित्व के रूप में भी जाने जाते थे। वह पुराने दौर के स्नातक वास्तुकार थे और 'सिटी ब्यूटीफुल' चंडीगढ़ के निर्माण कार्य में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा। उनकी तकनीकी दक्षता और दूरदृष्टि को आज भी सम्मान के साथ याद किया जाता है। समाज सेवा के क्षेत्र में भी उनका योगदान सराहनीय रहा। वह लंबे समय तक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के रूप में सक्रिय रहे और लैंड मॉर्गेज बैंक के चेयरमैन जैसे महत्वपूर्ण पद पर भी सेवाएं निभा चुके थे। सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता उन्हें जनप्रिय बनाती थी। सुखबीर सैनी अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। परिवार में दो बेटियां, एक बेटा, दो नाती और दो पोतियां शामिल हैं। नगर कौंसिल के पूर्व प्रधान भूपिंदर सिंह सैनी एवं परिजनों के अनुसार उनका अंतिम संस्कार शनिवार सुबह 11:30 बजे डेराबस्सी स्थित सैनी श्मशानघाट में किया जाएगा। उनके निधन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और सैनी समाज की अनेक संस्थाओं ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

# 17 घंटे से अंधेरे में जीरकपुर, राम विहार-बलटाना में बिजली-पानी ठप; प्रशासन पर बरसे प्रताप सिंह राणा



जीरकपुर, यूटर्न, 23 जनवरी। जीरकपुर को 'मिनी गुड़गांव' बनाने के दावों पर उस वक्त सवाल खड़े हो गए, जब राम विहार और बलटाना इलाके के लोग बीते 17 घंटों से बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसते नजर आए। जॉइंट एक्शन कमेटी फॉर वेलफेयर ऑफ बलटाना रेजिडेंट्स के प्रधान और राम विहार कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष प्रताप सिंह राणा ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़ा हमला बोला है प्रताप सिंह राणा ने कहा कि लंबे समय से बिजली आपूर्ति ठप होने के कारण पूरे इलाके में पानी का संकट गहरा गया है। हालात ऐसे हैं कि बुजुर्गों, छोटे बच्चों और बीमार लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों के घरों में न पीने का पानी बचा है और न ही दैनिक जरूरतों का कामकाज हो पा रहा है।

**'दावों का शहर, हकीकत में बेहाल जनता'...**राणा ने प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि एक ओर जीरकपुर को आधुनिक शहर के रूप में पेश किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं तक नहीं मिल पा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिजली विभाग और नगर परिषद के बीच आपसी समन्वय की कमी के चलते आम लोग सजा भुगत रहे हैं।

**ठंड और मौसम में हालात और बदतर...**उन्होंने कहा कि ठंड और चुनौतीपूर्ण मौसम के बीच इस तरह की लापरवाही बेहद चिंताजनक है। अधिकारियों को कई बार सूचित करने के बावजूद न तो बिजली बहाल की गई और न ही कोई ठोस जवाब मिला।

**आंदोलन की चेतावनी...**प्रताप सिंह राणा ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही बिजली और पानी की आपूर्ति बहाल नहीं हुई, तो जॉइंट एक्शन कमेटी स्थानीय निवासियों के साथ मिलकर विरोध प्रदर्शन करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की स्थिति की जिम्मेदारी पूरी तरह प्रशासन की होगी।इस घटनाक्रम ने एक बार फिर जीरकपुर में बुनियादी सुविधाओं और प्रशासनिक तैयारियों की पोल खोल दी है।

# नाइब तहसीलदार के दुर्व्यवहार के खिलाफ किसान जत्थेबंदी ने दिया धरना



डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। नाइब तहसीलदार द्वारा आम जनता के साथ हो रहे दुर्व्यवहार के विरोध में बीकेयू उग्रहां किसान जत्थेबंदी ने शुक्रवार को तहसील कंप्लेक्स में बरसते मूसलाधार बारिश के बावजूद जोरदार धरना दिया। किसान जत्थेबंदी के सदस्यों ने तहसील के सब-रजिस्ट्रार कार्यालय में बैठकर नाइब तहसीलदार के खिलाफ कड़े नारेबाजी की और गंभीर आरोप लगाए। एसडीएम देराबसी अमित गुप्ता मौके पर पहुंचकर किसानों को भरोसा दिलाया कि भविष्य में इस प्रकार की कोई घटना दोबारा नहीं होगी, जिसके बाद किसानों ने शांतिपूर्वक धरना समाप्त किया। इस दौरान बीकेयू उग्रहां के जिला प्रधान लखविंदर सिंह, गुरभजन सिंह धर्मगढ़, बंत सिंह कुरली, अंकित जैन,लखविंदर सिंह लख साधानपुर, हरजिंदर सिंह साधानपुर, गुरविंदर सिंह खजूर मंडी, तेजिंदर सिंह आलमगीर, ज्वाला सिंह खेड़ी जट्टां, करनैल सिंह जोला कलां, धर्मिंदर सिंह जोला कलां, अमरजीत सिंह तसिंबली, हरजीत सिंह बराना, बलदेव सिंह रुड़की, कुलवीर सिंह अंबछपा, निर्मल सिंह जंडली, देव सिंह मलकपुर, संजीव कुमार मलकपुर, महिंदर सिंह मलकपुर सहित अन्य उपस्थित थे।

# उद्घाटन के चार महीने में ही दरक गया 'एडवांस' ट्रॉमा सेंटर, GMCH-32 में निर्माण गुणवत्ता पर बड़ा सवाल

अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 जनवरी। जिस ट्रॉमा सेंटर को चंडीगढ़ प्रशासन ने स्वास्थ्य सेवाओं में मील का पत्थर बताया था, वही अब सवालों के घेरे में आ गया है। सेक्टर-32 स्थित गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के करोड़ों रुपये की लागत से बने एडवांस ट्रॉमा सेंटर में शुक्रवार को फॉल सीलिंग गिर गई। उद्घाटन के महज चार महीने बाद हुई इस घटना ने सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच का फासला उजागर कर दिया है।

यह वही ट्रॉमा सेंटर है, जिसका उद्घाटन 8 अगस्त 2025 को प्रशासक गुलाबचंद कटारिया ने किया था। उस समय इसे रीजन का सबसे आधुनिक ट्रॉमा केयर सेंटर बताते हुए 283 बेड और 40 वेंटिलेटर जैसी सुविधाओं का दावा किया गया था। लेकिन इतनी कम अवधि में सीलिंग गिरने की घटना ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और तकनीकी निरीक्षण प्रक्रिया पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।



## हादसा टला, लेकिन खतरा बरकरार

*घटना के समय संबंधित हिस्से में कोई मरीज या स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि अस्पताल परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि यदि यह घटना पीक इमरजेंसी या किसी बड़े सड़क हादसे के दौरान होती, तो परिणाम भयावह हो सकते थे।*

## सेफ्टी ऑडिट पर उठे सवाल

जानकारों का कहना है कि किसी भी बड़े मेडिकल इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट में उद्घाटन से पहले स्ट्रक्चरल सेफ्टी ऑडिट अनिवार्य होता है। सवाल यह है कि क्या इस ट्रॉमा सेंटर का स्वतंत्र तकनीकी ऑडिट कराया गया था। अगर कराया गया था, तो उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक क्यों नहीं की गई।

## नाम बड़ा, काम अधूरा

एडवांस ट्रॉमा सेंटर को अत्याधुनिक बताया गया, लेकिन मौजूदा स्थिति इसके उलट दिखाई दे रही है। सेंटर में विशेषज्ञ डॉक्टरों और नर्सिंग स्टाफ की कमी बनी हुई है। कई जरूरी ट्रॉमा सेवाएं अब तक शुरू नहीं हो पाई हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि मौजूदा ढांचा एक पूर्ण ट्रॉमा सेंटर की बजाय केवल इमरजेंसी सुविधाओं का विस्तार भर है।

**जवाबदेही पर चुप्पी...**करोड़ों रुपये की लागत से बने प्रोजेक्ट में मरीजों की सुरक्षा से जुड़ी ऐसी खामी सामने आना प्रशासन के लिए गंभीर चेतावनी है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या निर्माण एजेंसी, ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी या यह मामला भी कागजी जांच तक सीमित रह जाएगा।

# एक आस ट्रस्ट ने की 51 जरूरतमंद कन्याओं की शादी



लुधियाना/यूटर्न/23 जनवरी। लुधियाना एक आस ट्रस्ट द्वारा गुरुद्वारा साध संगत हैबोवाल में जरूरतमंद कन्याओं का सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया। जिसमें 51 जरूरतमंन्द कन्याओं की शादी कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया। कन्याओं के विवाह समारोह का आयोजन एक आस ट्रस्ट के जस मांगट की अध्यक्षता में किया गया। सिद्ध पीठ महाबली संकटमोचन श्री हनुमान मंदिर के चेयरमैन ऋषि जैन द्वारा पूर्ण सहयोग दिया गया। ऋषि जैन ने बताया कि अमेरिका से लौटे उनके मित्र जस मांगट ने उनसे जरूरतमंद कन्याओं के सामूहिक विवाह समारोह बारे विचार विमर्श किया और इस नेक पुण्य कार्य में उन्होंने अपने मित्र से कहा कि इस समारोह में वह अपने मित्र का हर तरह से सहयोग करेंगे और जिसके चलते सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। चेयरमैन ऋषि जैन ०जस मांगट ने कहा कि विवाह समारोह में जरूरतमंद कन्याओं को शादी का पूरा जरूरत का सामान दिया गया है वह मेहमानो के लिए उचित भोजन व्यवस्था का प्रबंध किया गया। विवाह समारोह में शिवसेना से सिख विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरकीरत सिंह खुराना, विधायक मदन लाल बग्गा,विधायक अशोक पराशर पप्पी,विधायक पुत्र ०एम सी एडवाइजर गौरव बग्गा,एसीपी राज कुमार,डीएसपी रंजीत सिंह ,कन्याओं को आशीर्वाद देने पहुंचे ०ट्रस्ट द्वारा किये गए पुण्य कार्यो की सराहना की।

# सतगुरु राम सिंह जी ने आजादी की लहर को दी नई दिशा - सोंद व मुंडियां

## भैणी साहिब में 210वें प्रकाश पर्व पर पंजाब सरकार का राज्य स्तरीय आयोजन

श्री भैणी साहिब (लुधियाना), 23 जनवरी। पंजाब सरकार द्वारा महान समाज सुधारक और स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत सतगुरु राम सिंह जी महाराज के 210वें प्रकाश पर्व पर श्री भैणी साहिब में भव्य राज्य स्तरीय समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद और हरदीप सिंह मुंडियां ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि सतगुरु राम सिंह जी ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ असहयोग आंदोलन चलाकर भारत की आजादी की लड़ाई को दिशा दी।



मंत्री तरुणप्रीत सिंह सोंद ने कहा कि कूका आंदोलन देश की आजादी का असली आधार बना। उन्होंने बताया कि मलेरकोटला में 66 नामधारी सिखों को तोपों से शहीद किया गया और लुधियाना, रायकोट व अमृतसर में अनेक नामधारी सिखों को फांसी दी गई, लेकिन अंग्रेज नामधारियों की चेतना को दबा नहीं सके।

कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि नामधारी संप्रदाय की कुर्बानियां भारतीय इतिहास की अमूल्य विरासत हैं। सतगुरु राम सिंह जी द्वारा दिखाया गया अहिंसा, असहयोग और अवज्ञा का मार्ग आज भी युवाओं को राष्ट्रसेवा की प्रेरणा देता है।

दोनों मंत्रियों ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान किसी अपरिहार्य कारण से कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके, लेकिन पंजाब सरकार संगत की हर सेवा को पूरी निष्ठा से निभाएगी। इस अवसर पर सतगुरु उदय सिंह ने कैबिनेट मंत्रियों तरुणप्रीत सिंह सोंद, हरदीप सिंह मुंडियां और विधायक जगतार सिंह दियालपुरा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नामधारी संगत मौजूद रही।

# सीआईसीयू ने लुधियाना में आयोजित की 17वीं नेशनल काइजेन प्रतियोगिता 2026

लुधियाना, 21 जनवरी 2026। चैंबर ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल अंडरटेकिंग्स (उक्छव) द्वारा 17वीं नेशनल काइजेन प्रतियोगिता 2026 का आयोजन सीआईसीयू कॉम्प्लेक्स, फोकल प्वाइंट, लुधियाना में किया गया। इस प्रतियोगिता में देशभर से आई 34 टीमों ने भाग लेकर गुणवत्ता सुधार, उत्पादकता बढ़ाने और लागत घटाने से जुड़ी अपनी नवाचारी काइजेन तकनीकों का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से जुड़े उद्यमियों और प्रोफेशनल्स ने वास्तविक केस स्टडी प्रस्तुत कीं, जिनमें जापानी प्रबंधन दर्शन काइजेन (निरंतर सुधार) के सफल प्रयोग दिखाए गए। प्रतिभागियों ने प्रक्रिया सरलीकरण, अपव्यय कम करने, लागत नियंत्रण और कर्मचारी सहभागिता बढ़ाने जैसे सकारात्मक परिणाम साझा किए।




सीआईसीयू के अध्यक्ष उपकार सिंह आहूजा ने कहा कि काइजेन कंपनियों को प्रक्रियाएं सरल करने, वेस्ट खत्म करने और लागत बचाने में महत्वपूर्ण लाभ देता है। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य काइजेन को कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाना है।

कार्यक्रम का मूल्यांकन डॉ. अरविंद ढींगरा, देबांशु सान्याल और डॉ. तलविंदर बेदी ने किया। काइजेन ग्रैंड अवॉर्ड विजेता: प्रथम - टेक ऑटो प्राइवेट लिमिटेड (सेफ्टी), द्वितीय -एसकेजी इंजीनियरिंग (प्रोडक्ट डिलीवरी), तृतीय - सब्रोस लिमिटेड (क्वालिटी इम्प्रूवमेंट) आयोजक सचिव जे.एस. भोगल ने कहा कि प्रतियोगिता उद्योगों के लिए सीखने का सशक्त मंच बनी।



Uturn Time 24 Jan 2026_Layout 2 23-01-2026 11:01 Page 12



# अरोड़ा अलॉयज समहू का पंजाब में 1003 करोड़ रुपये के नए निवेश की घोषणा, अत्याधुनिक स्टील प्लांट में 1000 युवाओं को मिलेगा रोजगार : मंत्री अरोड़ा

## पंजाब ने विशेष स्टील निर्माण क्षेत्र में 1003.57 करोड़ रुपये का ग्रीनफील्ड निवेश आकर्षित किया

नवीन गोगना

चंडीगढ़, यूटर्न, 23 जनवरी। पंजाब ने विशेष स्टील निर्माण क्षेत्र में एक बड़ा ग्रीनफील्ड निवेश प्राप्त किया है, जिससे राज्य के औद्योगिक जगत को और मजबूती मिलेगी।

आज यहां यह जानकारी साझा करते हुए उद्योग एवं वाणिज्य, निवेश प्रोत्साहन और बिजली मंत्री संजीव अरोड़ा ने बताया कि लगभग 2,200 करोड़ रुपये के टर्नओवर वाली ए.आई.एस.आर.एम. मल्टीमेटल्स प्राइवेट लिमिटेड—जो अरोड़ा आयरन ग्रुप का हिस्सा है—ने गांव जसपालों, दोराहा-खन्ना रोड, जिला लुधियाना में एक अत्याधुनिक स्टील निर्माण सुविधा स्थापित करने के लिए 1003.57 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

यह परियोजना लगभग 46 एकड़ क्षेत्र में स्थापित की जाएगी और इससे 920 से अधिक लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है, जिससे क्षेत्र में औद्योगिक रोजगार को बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा। यह परियोजना तीन चरणों में लागू की जाएगी, जिसका पहला चरण सितंबर 2027 तक चालू करने का लक्ष्य है।





प्रस्तावित यूनिट की स्थापित क्षमता 5.40 लाख मीट्रिक टन प्रति वर्ष (टळढअ) होगी और यहां कच्चे माल के रूप में स्क्रैप और फेरो एलॉय का उपयोग करते हुए राउंड बार, वायर रॉड, कॉइल और फ्लैट उत्पाद तैयार किए जाएंगे। इस सुविधा के तहत वर्ष में लगभग 350 दिनों तक ट्रिपल-शिफ्ट के आधार पर काम करने की योजना है, ताकि बड़े पैमाने पर और निरंतर उत्पादन सुनिश्चित किया जा सके।

अरोड़ा ने कहा कि यह प्लांट आधुनिक और उन्नत स्टील निर्माण तकनीकों से लैस होगा, जिनमें इंडक्शन फर्नेस, इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (EAF), लेडल रिफाइनिंग फर्नेस (LRF), वैक्यूम डीगैसिंग, आर्गन ऑक्सीजन डीकाबुर्राइजेशन, निरंतर कास्टिंग मशीनें और रोलिंग मिलें शामिल होंगी। ये तकनीकें वर्तमान समय में अधिक मांग वाली औद्योगिक एप्लिकेशनों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले एलॉय और विशेष स्टील उत्पादों के उत्पादन को सक्षम बनाएंगी।

अरोड़ा ने कहा, ह्लयह प्रस्तावित निवेश पंजाब के मिश्र धातु और विशेष स्टील इकोसिस्टम—विशेषकर ऑटोमोबाइल और ऑटोमोटिव कंपोनेंट सेक्टर, जहां उच्च-ग्रेड स्टील की मांग लगातार बढ़ रही है—को बड़े स्तर पर मजबूत करेगा।ह्व उन्होंने आगे कहा कि यह परियोजना उत्तर भारत के एक प्रमुख औद्योगिक और धातु केंद्र के रूप में लुधियाना की स्थिति को और सुदृढ़ करेगी।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि यह परियोजना पंजाब सरकार के औद्योगिक विकास, मूल्य संवर्धन, रोजगार सृजन और सतत निर्माण को प्रोत्साहित करने के विजन के अनुरूप है। इसके अलावा, यह परियोजना राज्य के मजबूत औद्योगिक आधार, कुशल मानव संसाधन और रणनीतिक लॉजिस्टिक लाभों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करेगी।

कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने यह भी कहा कि हमारे माननीय राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और माननीय मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के गतिशील नेतृत्व में पंजाब शीघ्र ही देश का सबसे पसंदीदा निवेश गंतव्य बन जाएगा।

# शिमला, मनाली, जेएंडके में बर्फबारी, पंजाब, हरियाणा में बारिश से इलाके में ठंड बढ़ी

चंडीगढ़/यूटर्न/23 जनवरी। शुक्रवार सुबह हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी और पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली में बड़े पैमाने पर बारिश से इलाके में ठंड की लहर तेज हो गई। हिमाचल में इस मौसम की पहली बड़े पैमाने पर बर्फबारी हुई, जिससे लगभग चार महीने से चल रहा सूखा खत्म हो गया। शिमला जिले के ऊपरी इलाकों, जिसमें चोपाल, रामपुर, नारकंडा, खड़ापत्थर और कुफरी शामिल हैं, में सुबह से बर्फबारी हो रही है। भारी बर्फबारी के कारण कुल्लू और लाहौल-स्पीति के ऊपरी इलाकों में सड़क संपर्क बाधित हो गया। मनाली-लेह हाईवे, दारचा-शिंकुला सड़क और टांडी और काडू नाला के बीच की सड़क सहित मुख्य रास्तों पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हुई। मनाली, दगशाई और चैल से हल्की बर्फबारी की खबर मिली, जबकि निचले इलाकों में बारिश हुई।



**बारिश से किसानों को राहत...**धर्मशाला में, नड्डी, धर्मकोट, भागसूनाग और मैक्लोडगंज जैसे टूरिस्ट जगहों पर न्यूनतम तापमान फ्रीजिंग पॉइंट के करीब पहुंच गया। मशहूर त्रियुंड ट्रेकिंग साइट पर बर्फबारी हुई। गुरुवार रात तेज हवाओं के कारण कुछ इलाकों में बिजली सप्लाई बाधित हो गई, हालांकि शुक्रवार सुबह बिजली बहाल कर दी गई। बारिश से किसानों, खासकर गेहूं उगाने वालों को बहुत जरूरी राहत मिली है, जो लंबे समय से सूखे सर्दियों के कारण परेशान थे। टूरिज्म ऑपरेटरों ने भी मौसम में बदलाव का स्वागत किया, और कहा कि ताजी बर्फबारी और बारिश से टूरिस्टों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

**हिमाचलियों को बेहतर बिजनेस की उम्मीद...**धर्मशाला, नड्डी, धर्मकोट, भागसूनाग और मैक्लोडगंज में होटलों की ऑक्यूपेंसी सिर्फ 10 प्रतिशत रह गई थी। होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव गांधी ने कहा, हमें आने वाले दिनों में बेहतर बिजनेस की उम्मीद है। इस बीच, चंडीगढ़ और आसपास के इलाकों में शुक्रवार सुबह बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई। पंजाब और हरियाणा के ज्यादातर जगहों पर, जिसमें उनकी संयुक्त राजधानी चंडीगढ़ भी शामिल है, गुरुवार देर रात से खराब मौसम बना हुआ है।

### दिल्ली के मौसम में भी बदलाव

दिल्ली में, लंबे समय से चल रहा सूखा सर्दियों का मौसम खत्म हो गया, क्योंकि शहर के कई हिस्सों में साल की पहली बारिश हुई। गरज और तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से बढ़ते प्रदूषण के स्तर से भी थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने बताया कि मौसम में यह बदलाव इस मौसम के पहले तेज पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि खराब मौसम के कारण श्रीनगर एयरपोर्ट पर फ्लाइट ऑपरेशन रद्द होने के बाद कश्मीर आने-जाने वाली हवाई यातायात रोक दी गई। एयरपोर्ट के अधिकारियों ने कहा, लगातार बर्फबारी, ऑपरेशनल एरिया में बर्फ जमने और रास्ते में खराब मौसम के पूवार्नुमान को देखते हुए, यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए श्रीनगर एयरपोर्ट पर आज के लिए सभी फ्लाइट ऑपरेशन रद्द कर दिए गए हैं।

### लगातार गिर रहा तापमान

स्थानीय मौसम विभाग के अनुसार, पंजाब में जिन जगहों पर बारिश हुई उनमें अमृतसर, लुधियाना, पटियाला, पठानकोट, बठिंडा, फरीदकोट, गुरदासपुर, मानसा और रूपनगर शामिल हैं। चंडीगढ़ में भी भारी बारिश हुई, जिससे न्यूनतम तापमान 10.9 डिग्री पर आ गया। हरियाणा में अंबाला, हिसार, करनाल, नारनौल, रोहतक, भिवानी, सिरसा और सोनीपत में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, करनाल में न्यूनतम तापमान 12.6 डिग्री, हिसार में 12.3 डिग्री, अंबाला में 12 डिग्री, गुरुग्राम में 13.5 डिग्री और सिरसा में 12.4 डिग्री दर्ज किया गया। पंजाब में, अमृतसर में न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री, पटियाला में 12 डिग्री, पठानकोट में 11.4 डिग्री, बठिंडा में 11 डिग्री और फरीदकोट में 11.5 डिग्री दर्ज किया गया।

# सर्दियों की पहली बारिश ने खोली नगर कौंसिल की तैयारियों की पोल, डेराबस्सी-बरवाला रोड जलमग्न

डेराबस्सी, यूटर्न, 23 जनवरी। सर्दियों की पहली तेज बारिश ने जहां तापमान में गिरावट दर्ज कराई, वहीं नगर कौंसिल की तैयारियों की पोल भी खोल कर रख दी। बारिश के चलते डेराबस्सी-बरवाला रोड सहित आसपास के कई रिहायशी इलाकों में जलभराव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ। नगर कौंसिल द्वारा जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश का पानी निचले इलाकों और कई घरों तक पहुंच गया। इससे लोगों के घरेलू सामान के खराब होने की आशंका बनी हुई है। डेराबस्सीझ्रबरवाला रोड पर पानी भर जाने से सड़क तालाब का रूप धारण कर गई, जिसके कारण यातायात व्यवस्था चरमरा गई।



दोपहिया वाहन चालकों को पानी से भरी सड़क से गुजरते समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई वाहन बीच रास्ते में ही बंद हो गए, जिससे लोगों को घंटों जाम जैसी स्थिति से जूझना पड़ा। राहगीरों और वाहन चालकों में नगर प्रशासन के प्रति भारी रोष देखा गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यह स्थिति नगर कौंसिल द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों और ड्रेनेज सिस्टम की सफाई को लेकर किए गए दावों की सच्चाई उजागर करती है। लोगों ने आरोप लगाया कि हर साल हल्की बारिश में भी यही हालात बन जाते हैं, लेकिन शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और भविष्य में बारिश के दौरान जलभराव से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
* तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372